## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ में छाए बादल, तीन दिन बारिश और कोहरे के आसार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सरगुजा संभाग के जिलों में तापमान न्?यूनतम करीब सात से आठ डिग्री के आसपास बना हुआ है। इसी बीच अब प्रदेश में फिर से मौसम में बदलाव होने वाला है। आज से प्रदेश के कुछ हिस्?सों में हल्?की बारिश होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात फेंगल के असर से अब छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक बारिश और घने कोहरे की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस चक्रवात के कारण राज्य के कुछ हिस्सों में तेज बारिश और कूलिंग के साथ ठंड बढ़ सकती है।

### ट्रेनों से हटेगा स्पेशल का दर्ज, अब कम लगेगा किराया

**कोरबा (आरएनएस)।** आगामी 1 जनवरी 2025 से स्पेशल बनकर चलने वाले ट्रेनों के नंबरों में बदलाव किया जाएगा। इनमें 24 ट्रेनें ऐसी हैं जो बिलासपुर से छूटती व गुजरती हैं। कोरोनाकाल से यह ट्रेनें स्पेशल बनकर चल रही थीं, इस वजह से नंबर भी बदल दिया गया था। लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है। इसलिए रेलवे ने इन ट्रेनों को पुराने नंबर से चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए 1 महीने पहले ही उन 124 ट्रेनों की सूची जारी कर दी है। वर्तमान में रेल प्रबंधन पैसेंजर स्पेशल ट्रेनों के नाम पर यात्रियों से अधिक वसूली कर रहे हैं। लोकल के नाम पर यात्रियों से एक्सप्रेस ट्रेनों का किराया लिया जा रहा है। बाकी मेमू और अन्य ट्रेनों में भी किराए में बढ़ोतरी हुई है। अब इन बढ़े हुए किराए को कम करने के लिए 1 जनवरी 2025 से स्पेशल ट्रेनों के आगे से नंबर बदलकर उन्हें पहले जैसे नंबर के साथ चलाया जाएगा। इससे किराए में भी कमी आएगी।

**इन ट्रेनों में मिलेगी राहत**

08210-बिलासपुर-गेवरारोड पैसेंजर स्पेशल
68727-08731 कोरबा-बिलासपुर मेमू स्पेशल
68731-08732 बिलासपुर-कोरबा मेमू स्पेशल
68732-08733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू स्पेशल
68733-08734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू स्पेशल
68740-08745 गेवरारोड-रायपुर मेमू स्पेशल
68745-08746 रायपुर-गेवरारोड मेमू स्पेशल

### भारतीय रेलवे ने पिछले दस वर्षों के दौरान दिया 5 लाख युवाओं को रोजगार

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे ने वर्ष 2014-2024 के दौरान लगभग 5 लाख से अधिक युवाओं की भर्ती की है, जो पिछले दशक के पूर्व के दशक की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। यह रेलवे द्वारा रोजगार क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। पहली बार भारतीय रेलवे ने रोजगार कैलेंडर प्रकाशित किया है। सभी रिक्तियों की अधिसूचनाएं समयबद्ध तरीके से जारी की गईं। रोजगार कैलेंडर के तहत फरवरी 2024 में सहायक लोको पायलट (एएलपी) के 18,799 पदों के लिए अधिसूचना प्रकाशित की गई। भर्ती के लिए परीक्षा 5 दिनों तक आयोजित की गई, जिसमें 29 राज्यों के 156 शहरों में 346 केंद्र शामिल थे। यह परीक्षा तीन शिफ्टों में आयोजित की गई। कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) सख्त निगरानी में आयोजित किया गया। उम्मीदवारों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए 92 प्रतिशत उपस्थित उम्मीदवारों का आधार कार्ड द्वारा सत्यापन किया गया। 18,799 पदों के लिए कुल 18.4 लाख युवाओं ने आवेदन किया। हालांकि, उपस्थित होने का प्रतिशत केवल 62 प्रतिशत था। भारतीय रेलवे की यह पहल देश में रोजगार के अवसर बढ़ाने और युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने किया 'महतारी शक्ति ऋण योजना' लॉन्च : माताओं-बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण की नई पहल


**रायपुर । आरएनएस**



वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने महतारी शक्ति ऋण योजना का अपने निवास कार्यालय से लांचिंग की। इस अवसर पर राज्य ग्रामीण बैंक के चेयरमैन विनोद अरोरा भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री चौधरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह योजना माताओं और बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। राज्य ग्रामीण बैंक के चेयरमैन अरोरा ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत, जिन बहनों का खाता ग्रामीण बैंक में है और जिनमें महतारी वंदन योजना की राशि जमा होती है, उन्हें स्वरोजगार के लिए 25 हजार रुपए तक का ऋण बिना किसी औपचारिकता के उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा शुरू की गई महतारी शक्ति ऋण योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह योजना महिलाओं को न केवल वित्तीय मदद प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार और समाज के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने में भी सहायक होगी।

## महतारी वंदन योजना बनी प्रेमा बैरागी का सहारा, योजना के लाभ से मूलभूत जरूरत हो रही पूरी

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने प्रारंभ महतारी वंदन योजना आज साकार होते दिखाई दे रही है। महिलाएं अपनी छोटी-मोटी जरूरतों के साथ घर की दायित्वों को बखूबी निभा पा रही है।

रायगढ़ निवासी प्रेमा बैरागी सिलाई का कार्य करती है। शासन की महतारी वंदन योजना से मिली सहायता राशि से वे अपने परिवार के लिए आर्थिक रूप से सहयोग कर पा रही है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना से अब तक उन्हें 9 हजार मिले हैं। जिसका बच्चों की पढ़ाई के लिए पुस्तकें खरीदने, घर के जरूरी सामान पर खर्च किए।

बैरागी कहती है कि इस योजना से उन्हें ना सिर्फ आर्थिक मदद मिली, बल्कि मानसिक सुकून भी मिला है। जब से हर महीने पैसा आना शुरू हुआ है, मुझे ऐसा लगता है कि कोई हमारा सहारा बन गया है। ये पैसा मेरे बच्चों के भविष्य और घर के सपनों को साकार करने में मदद कर रहा है। पहले बच्चों की जरूरतें पूरी करना मुश्किल था। हर छोटी चीज के लिए आर्थिक तंगी रहती थी। लेकिन महतारी वंदन योजना से जो सहायता मिली है, उससे मेरे परिवार के जीवन में बड़ी राहत दी है। अब बच्चों की पढ़ाई बिना रुकावट के चल रही है और घर की बुनियादी जरूरतें भी आसानी से पूरी हो रही हैं।

प्रेमा बैरागी ने महतारी वंदन योजना लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता और संवेदनशीलता से हमें इस योजना का लाभ मिल रहा है। जिनकी वजह से मेरी जैसी कई महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

## पिकनिक पर निकले राजधानी के पांच युवकों की सड़क हादसे में मौत

**सरगुजा-रायपुर । आरएनएस**




जिले के गुमगा के पास एनएच-130 पर हुए भीषण सडक़ हादसे में रायपुर के पांच युवकों की मौत हो गई। ये सभी युवक स्कोडा कार से मैनपाट जा रहे थे। हादसा उदयपुर थाना क्षेत्र में हुआ, जब कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतकों में रायपुर निवासी राहुल, संजू और दिनेश साहू की पहचान हो चुकी है, जबकि दो अन्य युवकों की शिनाख्त की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी युवक रायपुर के चंगोराभाठा इलाके के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे के कारणों की जांच जारी है। इस घटना से मृतकों के परिवार और चंगोराभाठा इलाके में शोक की लहर है।

## तुरंत टिकट बुकिंग के लिए लोकप्रिय हो रहा रेलवे का यूटीएस ऐप, स्टेशन से 20 मीटर की दूरी पर बुक कर सकते हैं टिकट

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



डिजिटल इंडिया के प्रभावी कदम में रेलवे ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका स्थापित की है। रेलवे का यूटीएस ऐप तुरंत टिकट बुकिंग के लिए लोकप्रिय हो रहा है। अनरिजर्वड और प्लेटफार्म टिकट बुक को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। भारतीय रेलवे की जनरल टिकट को यूजर्स अब मोबाइल ऐप के जरिए खरीद सकते हैं। इस सेवा के शुरू हो जाने से लोगों को टिकट बुक कराने के लिए लंबी कतार नहीं पड़ रही है। अब यात्री आसानी से टिकट बुक कर सकते हैं। अब मोबाइल टिकट बुक करने में समय भी कम लगता है।

यूटीएस ऐप का उपयोग

इस सेवा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को अपने स्मार्टफोन (एंडॉयड) मोबाइल में ऐप को गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से डाउनलोड करना होगा।

ऐप डाउनलोड करने के बाद यूजर्स को अपना मोबाइल नंबर एप के साथ रजिस्टर करना होगा। इसके बाद अपनी यात्रा शुरू करने के स्टेशन और यात्रा समाप्त करने के स्टेशन के बारे में जानकारी डालनी होगी। फिर रेलवे वॉलेट का अन्य डिजिटल पेमेंट ऑप्शन का इस्तेमाल करके टिकट बुक कर सकते हैं। इस एप के जरिए रेलवे स्टेशन से 20 मीटर की दूरी पर टिकट बुक कर सकते हैं। इसके अलावा इस ऐप के जरिए यात्रा वाले दिन ही टिकट बुक कर सकेंगे, यानी कि इससे एडवांस टिकट बुक नहीं कर सकेंगे। ये टिकट 3 घंटे के लिए ही वैध होगा। अगर इस ऐप पर टिकट बुक की है तो यात्री फोन चार्ज कर रखें। यात्रा के दौरान कई यात्रियों के मोबाइल स्विच ऑफ हो जाते हैं जिससे वो चेकिंग के दौरान टिकट नहीं दिखा पाते हैं। चेकिंग के समय यात्रियों को वैलिड आईडी और टिकट बुक करते समय इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबर की जानकारी टीटीई को देना होगा।

## अग्निवीर भर्ती रैली 4 से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ स्टेडियम में होगा आयोजन, 8556 युवा होंगे शामिल

**❒ उम्मीदवारों के लिए रुकने एवं रायगढ़ रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड से लाने और ले जाने के लिए की गई है बस की नि:शुल्क व्यवस्था**

**रायगढ़**




सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए सभी श्रेणियों की भर्ती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 8556 युवा शामिल होंगे। रैली के लिए उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण फरवरी-मार्च में ऑनलाइन किया गया था। इसी तरह अप्रैल-मई 2024 में ऑनलाइन सीईई का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन सीईई का रिजल्ट मई-जून 2024 में घोषित किया गया और शार्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया गया था।

उम्मीदवारों को रैली एडमिट कार्ड में दी गई तारीख और समय पर रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ के गेट पर रिपोर्ट करना है। उम्मीदवारों को अपने साथ रैली एडमिट कार्ड, 8वीं, 10वीं, 12वीं व स्नातक की मार्कशीट, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, एनसीसी, खेल, आईटीआई, ड्राइविंग लाइसेंस, रिलेशनशिप सर्टिफिकेट, जेआईए और आधार कार्ड से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर लेकर आना है। सबसे ज्यादा उम्मीदवार जो ऑनलाइन परीक्षा पास करके सेना भर्ती रैली में भाग लेंगे वह जिला बालोद और जांजगीर चाम्पा जिले के है। जिला प्रशासन की ओर से उम्मीदवारों के लिए रुकने व रायगढ़ रेलवे स्टेशन तथा रायगढ़ बस स्टैंड से लाने और ले जाने के लिए बस की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। बाहर से आने उम्मीदवार किसी तरह के अनर्गल झांसे में ना आए। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती

**❒ दावा आपत्ति की अंतिम तिथि सारंगढ़ के लिए 4 दिसंबर और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 6 दिसंबर**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रांतर्गत आँगनबाड़ी सहायिका हेतु आंगनबाडी केन्द्र झलमला, अचानकपाली-2, जवाहरनगर, दमदरहा-2. भीमखोलिया, कंवरगुड़ा, बेहराचुंवा, खैरपाली, जोगीडीपा, देवसर, छिंचपानी, सेंधमाल, जोगनीपाली, जिल्दी 2 एवं दानसरा-1 के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदनो का मूल्यांकन समिति द्वारा सूक्ष्म परीक्षण उपरांत अनतिंम मूल्यांकन पत्रक तैयार किया जाकर दावा आपत्ति हेतु प्रकाशन किया जा रहा है। प्रकाशित अंन्नतिंम मूल्यांकन पत्रक में जिस किसी महिला अभ्यर्थी या आवेदिकाओं को किसी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति हो तो वे 6 दिसंबर 2024 को शाम 5:30 बजे तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

इसी प्रकार सारंगढ़ नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 9/3 एवं आंगनबाड़ी सहायिका हेतु आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 2/1 एवं आंगनबाड़ी केंद्र 9/4 के रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्रकाशित अंन्नतिंम मूल्यांकन पत्रक में जिस किसी महिला अभ्यर्थी या आवेदिकाओं को किसी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति हो तो वे 4 दिसंबर 2024 को शाम 5:30 बजे तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इन दोनों नगरपालिका और ग्रामीण क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र के लिए की जा रही भर्ती के दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार के नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल कार्यालयीन स्तर से हुई लिपिकीय त्रुटि पर दावा आपत्ति मान्य होगा। नियत तिथि व समय पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## पुलिस माओवादीयों के बिच मुठभेड़, सात हार्डकोर माओवादी ढेर, हथियार भी बरामद

**❒ छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले की सीमा से लगे तेलंगाना राज्य के जंगलों में ग्रेहाउंड फ़ोर्स के साथ हुई मुठभेड़**

**बीजापुर-रायपुर । आरएनएस**

जिले की सीमा से लगे तेलंगाना राज्य के मुलगु जिले के एटूनागरम थाना क्षेत्र के जंगलों में तेलंगाना की ग्रेहाउंड फ़ोर्स के साथ माओवादीयों की मुठभेड़ हो गई है, इस मुठभेड़ में जवानों ने सात हार्डकोर मौवादियों को मार गिराने में सफलता हासिल किया है वहीं बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद किये जाने की खबर है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेलंगाना के एटूनागरम थाना क्षेत्र के जंगलों में माओवादीयों की उपस्थिति की सुचना पर ग्रेहाउंड फ़ोर्स को गश्त सर्चिंग अभियान पर रवाना किया गया था। इसी अभियान के दौरान रविवार 01 दिसम्बर की सुबह चल्पका के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई इस मुठभेड़ में जवानों ने सात माओवादीयों को मार गिराने के साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद करने में सफलता हासिल किया है। मुठभेड़ मे मारे गए माओवादीयों में टीएससीएम (सचिव नरसापेट एरिया) कुरसन मंगू उफर् पापन्ना, एगोलपु मलैया उफर् मधु (सचिव एटूनागरम, महादेवपुर ), एसीएम मुसाकी देवा, मुसाकी जमुना, पार्टी मेंबर जयसिंह, किशोर और कमलेश शामिल हैं। इनके पास से 2 नग एके-47, जी 3 रायफल, 303 रायफल, इंसास और एसबीबीएल रायफल बरामद किया गया हैं।

## उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार सेवा निवृत्त, कोतवाली रायगढ़ स्टाफ ने दी भावपूर्ण विदाई

**रायगढ़**



उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार ने 30 नवंबर 2024 को अपनी अधिवार्षिक आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से विदाई ली। बोहिदार ने जिला रायगढ़ के विभिन्न थानों में लंबे समय तक सेवा दी और अपने कार्यकाल में अपराध विवेचना के विशेषज्ञ के रूप में पहचान बनाई।

कुछ समय पूर्व उनका स्थानांतरण जिला बिलासपुर किया गया था, लेकिन वे रायगढ़ पुलिस में सम्बद्ध रहते हुए अपनी सेवाएं दे रहे थे। स्वास्थ्य समस्याओं के चलते वे हाल के महीनों में मेडिकल अवकाश पर थे और अपना उपचार करवा रहे थे।

थाना कोतवाली में आयोजित एक संक्षिप्त विदाई समारोह में उनके साथियों ने भावभीनी विदाई दी। थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल और पूरे स्टाफ ने उन्हें फूलमालाओं से सम्मानित किया और उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बोहिदार के मिलनसार व्यक्तित्व और उनके पेशेवर योगदान की सराहना की गई।पुलिस विभाग में उनकी कर्तव्यपरायणता और समर्पण हमेशा याद किए जाएंगे।

## 2 से 11 दिसंबर तक होगा व्यवहार न्यायाधीश भर्ती का साक्षात्कार

**❒ साक्षात्कार तिथि के एक दिन पूर्व होगा दस्तावेज सत्यापन**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा-2023 के प्राप्तांकों व अर्ह कुल 151 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में 2 से 11 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। इन पदों के साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन साक्षात्कार तिथि के एक दिन पूर्व निर्धारित पाली प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से 01 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से 05 बजे तक किया जाकर निर्धारित तिथि को साक्षात्कार लिया जायेगा। अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार में प्रथम पाली पूर्वान्ह 9.30 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 01.30 बजे तक आयोग कार्यालय में उपस्थित होना होगा। दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार तिथि के एक दिन पूर्व किया जाएगा। दस्तावेजों के सत्यापन में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

अभ्यर्थी के पास आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हताओं का प्रमाण-पत्र ऑनलाईन आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि अथवा उसके पूर्व प्राप्त कर लिया होना चाहिए। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि को जारी की गई शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हताओं के प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे। इस संबंध में शैक्षणिक दस्तावेजों, स्थायी जाति, निवास,आय,निःशक्तजन प्रमाण पत्र,पहचान पत्र, अन्य प्रमाण पत्रों के मूल प्रति तथा एक-एक सत्यापित अथवा स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करें। दस्तावेजों के सत्यापन में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

## कलेक्टर धर्मेश साहू ने किया बरमकेला क्षेत्र के पाम ऑयल खेती का निरीक्षण

**❒ पाम ऑयल नेशनल मिशन कृषकों के लिए लाभकारी**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने बरमकेला क्षेत्र के ऑयल पाम खेती का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बरमकेला क्षेत्र के ग्राम बनवासपाली के कृषक ईश्वर सिदार और लिमपाली के तेजराम बरिहा के खेत में लगे ऑयल पाम खेती की उपज एवं आमदनी के बारे में जानकारी ली और किसानों को सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए अन्य किसानों को पाम ऑयल की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान उद्यान विस्तार अधिकारी मनोज ड़ड़सेना, विनय पटेल, योगेश नायक, रेशम विभाग के मधुप चंदन और कृषि विकास अधिकारी बसंत नायक उपस्थित थे।

ग्राम बनवासपाली के कृषक ईश्वर सिदार ने कलेक्टर साहू को जानकारी दी कि उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन से 12 एकड़ में पौधे का रोपण किया है। इस वर्ष 2.5 एकड़ में उत्पादन शुरू हो गया है। माह जून से अब तक 30 क्विंटल उत्पादन हो चुका है, जिसका बाजार मूल्य पचास हजार रुपये है और फलो की खरीदी गोदरेज कंपनी द्वारा की जाती है। ग्राम लिमपाली निवासी कृषक तेजराम बरिहा ने निरीक्षण के दौरान कहा कि, उन्होंने 6 एकड़ में 2 वर्ष पूर्व रोपण किया है जिसमे अंतरवर्ती फसल के रूप मिर्च की खेती की है। मिर्च की खेती से इस वर्ष कृषक को 6 एकड़ में लाखों रुपए की आमदनी मिल चुकी हैं।

नेशनल खाद्य तेल पाम ऑयल मिशन कृषकों के लिए यह लाभकारी योजना है। इस योजना के तहत कृषको को पहले वर्ष प्रति एकड़ 57 पौधे प्रदाय किये जाते है। पहले से चौथे वर्ष तक प्रति एकड़ रखरखाव हेतु 2100 रू. तथा अंतरवर्ती फसलों हेतु 2100 रू. अनुदान के रूप में विभाग द्वारा प्रदाय किया जाता है। 5 एकड़ में फसल लगाने पर बोरवेल के अनुदान का भी प्रावधान है। ऑयल पाम के पौधे 9 x 9 मीटर की दूरी पर लगाये जाते है, जिसके बीच में कोई भी फसल लगाया जा सकता है। ऑयल पाम की खेती ड्रिप स्प्रिंकलर सिंचाई में की जाती है। ड्रिप स्प्रिंकलर सिंचाई हेतु भी अनुदान का प्रावधान है। ऑयल पाम लगाने के तीसरे साल के बाद निरंतर और निश्चित लाभ देने वाली फसल है। इसकी खेती से प्रति एकड़ प्रति वर्ष 10 टन तक उत्पादन प्राप्त होता है। उत्पादित फलों के गुच्छो को गोदरेज एग्रोवेट कंपनी लिमिटेड द्वारा खरीदा जाता है, जिसका मूल्य सरकार द्वारा सुनिश्चित किया गया है। इसका वर्तमान मूल्य 1729 रू. प्रति क्विंटल है। विपरीत मौसम में भी यह फसल खराब नही होता है। रोग एवं कीटो का प्रकोप ना के बराबर होता है। इस फसल में चोरी की संभावना भी नहीं है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480